तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 10 मई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 नक्सल क्षेत्र शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने वाले जवानों को किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### अक्षय तृतीया आज

**बैकुण्ठपुर।** जिले में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाएगा। इस दिन बाल विवाह की आशंका रहती है, बाल विवाह कानूनी अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए युवती की उम्र 18 वर्ष एवं युवक की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए, इससे कम आयु की शादी बाल विवाह की श्रेणी में आती है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से बाल विवाह की सूचना देने की अपील की है। सूचना देने वाले रिश्तेदार, पड़ोसी या अन्य लोगों का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

### करेंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**बिश्रामपुर।** मंगलवार की दोपहर बाद आए तेज आंधी तूफान ने क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई है।आंधी तूफान से आम की फसल को काफी नुकसान पहुँचा है। साथ ही कई जगहों पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है जिसे सुधारने में बिजली कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।ग्राम गेतरा कॉलोनी के समीप खेत मे गिरे बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आकर पचास वर्षीय महिला सोना बाई पति सुखराम रजवार की मौत हो गई। बताया गया कि आंधी तूफान थमने के बाद शाम छह बजे के करीब महिला खेत की ओर गई थी कि तरंगित तार के संपर्क में आ गई।हो हल्ला व हंगामा होने के बाद उसे करेंट के सम्पर्क से हटाकर केंद्रीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।एम्बुलेंस चालक की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जांच के लिए केस डायरी कोतवाली भेजी जा रही है।

### कुंए में गिरकर महिला की मौत, मर्ग कायम

**अंबिकापुर।** ग्राम सनावल में कुंए में गिरने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल अंतर्गत रहने वाली शगुनी देवी मंगलवार की शाम घर के बाड़ी में मौजूद लगभग 30 फीट गहरे कुंए में गिर गया थी। महिला के गायब होने पर परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। आज सुबह परिजन की नजर कुंए में गई तो वहां महिला की लाश थी। ऐसे में परिजन ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

### गोपनीयता भंग करने पर युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। युवक द्वारा मतदान उपरान्त अपने दिए गए वोट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि सीतापुर थाना अंतर्गत मतदान क्रमांक 196 में मतदाता दिलेश तिग्गा मतदान करने के लिए पहुंचा था। वोटिंग के बाद युवक द्वारा मतदान की गोपनीयता भंग करते हुए अपने ही मतदान का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। इस मामले की शिकायत पीठासीन अधिकारी द्वारा पुलिस से की गई जिसके बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उरांवपारा निवासी 26 वर्षीय दिलेश तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है जिसके बाद पुलिस ने युवक को धारा 171 (च) व लोक प्रतिनिधि अधिनियम 130 (1) (क) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर भरत लाल साहू, आरक्षक पंकज देवांगन, धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

## प्रदेश स्तर के टॉप टेन की सूची से पिछड़ा कोरिया, एमसीबी से शिप्रा ने किया प्रदेश में टॉप

# सिद्धांत, आशुतोष, तेजप्रताप ने कोरिया में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे 9 मई को जारी किए। इस बार कोरिया जिले में कक्षा 10 वीं में बोर्ड का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा जबकि 12 वीं बोर्ड में परीक्षा परिणम 87 प्रतिशत। इसमें खास बात यह रहा कि बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्राओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशज ज्यादा रहा। जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में कोरिया जिले से एक भी छात्र व छात्रा प्रदेश के टॉप टेन की सूची में नहीं रहा, इसके बावजूद इस वर्ष बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा।

जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने जानकारी दी है कि इस बार जिले में 10 वीं कक्षा में 1 हजार 408 छात्र व 1 हजार 628 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से 1 हजार 113 छात्र व 1 हजार 444 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इसी तरह 12 वीं कक्षा में 1 हजार 81 छात्र व 1 हजार 363 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे, इसमें से 933 छात्र व 1 हजार 200 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। जिले में कक्षा दसवीं की परीक्षा परिणाम 84.22 प्रतिशत और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 87.27 प्रतिशत रहा। आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के कक्षा 10 वीं के छात्र सिद्धांत सिंह आत्मज प्रकाश सिंह 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस बार कक्षा दसवीं में 811 लड़कियों और 516 लड़कों ने प्रथम श्रेणी में स्थान बनाया है। द्वितीय श्रेणी में 598 लड़कियों व 532 लड़कों ने उत्तीर्ण तथा तृतीय श्रेणी में 100 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी तरह कक्षा बारहवीं में शकुंतला सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के छात्र आशुतोष पिता ओम प्रकाश साहू ने 93.60 प्रतिशत तथा शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के छात्र तेजप्रताप राजवाड़े पिता राजेन्द्र प्रसाद ने भी 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बने। इस बार कक्षा बारहवीं में 605 लड़कियों और 389 लड़कों ने प्रथम श्रेणी में स्थान बनाया है। द्वितीय श्रेणी में 562 लड़कियों व 485 लड़के उत्तीर्ण तथा तृतीय श्रेणी में 91 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष चुनावी वर्ष होने के कारण विद्यालयों में बच्चों के पढ़ाई पर भी असर काफी पड़ा, इसके बावजूद कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा का परिणाम अच्छा रहा। इस वर्ष विधान सभा चुनाव, इसके बाद लोकसभा चुनाव के कारण शिक्षकों के चुनाव कार्य में संलग्न होने के कारण विद्यालयों में पढ़ाई बाधित हुई, बावजूद इसके अतिरिक्त कक्षा लेकर शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारियां करवाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं की, जिसके कारण चुनावी कार्य में पढ़ाई पर अवरोध उत्पन्न होने के बावजूद जिले का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक रहा। जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले के कई शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। इनमें से कई विद्यालय ऐसे हैं, जहां पिछले कई वर्षों से परीक्षा बेहतर आ रहा है।



### टॉप टेन में शिप्रा ने बनाई जगह

सिविल लाइन निवासी दिव्य आनंद तिवारी की पुत्री शिप्रा तिवारी ने छग माध्यमिक शिक्षा मंडल 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप 10 मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है। इस बात की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को हुई, काफी संख्या में लोग शिप्रा के घर पहुंचकर उसे बधाई दी। शिप्रा के पिता दिव्यानंद तिवारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में कार्यरत हैं। माता सरिता तिवारी गृहिणी हैं। विजय इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी में पढ़ने वाली शिप्रा ने 600 में से 583 अंक प्राप्त कर 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप 10 मेरिट सूची में जगह बनाई। शिप्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं स्कूल के शिक्षकों को दिया है।



छात्रा को मिठाई खिलाते परिजन

## परिणाम मन मुताबिक न आए तो निराश नहीं हो: लंगेह

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित कर दी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दिए और आगे कक्षाओं के लिए खूब मेहनत करने को कहा।



श्री लंगेह ने कहा कि कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होंगे, कुछ विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अपेक्षा से कम होंगे, वहीं कुछ के परिणाम निराशाजनक होंगे तथा कुछ छात्र-छात्राएं अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों व पालकों को सुझाव देते हुए कहा कि कई बार अलग-अलग कारणों के कारण परिणाम मन मुताबिक नहीं होता। ऐसे में कोई भी विद्यार्थी अपने धैर्य नहीं खोए। श्री लंगेह ने कहा कि पालक, अभिभावक, शिक्षक ऐसे समय में विद्यार्थियों से सकारात्मक बातें कर उनकी हौसला अफजाई करें।

कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जो छात्र परीक्षा में अंक प्राप्त हुए हैं या अनुत्तीर्ण हो गए हैं, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है।

पालकों को उनकी पसंद की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करनी चाहिए, उन्हें कड़ी मेहनत करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए। सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि छात्रों को डांटने की बजाय उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करें।

### सत्यम ने 12 बोर्ड की परीक्षा में बढ़ाया नगर का गौरव



**मनेन्द्रगढ़।** अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता के पुत्र सत्यम कुमार गुप्ता ने 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में 90.02 प्रतिशत अंक प्राप्त पर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सत्यम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन एवं माता-पिता को दिया है। सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में पढ़ने वाले छात्र सत्यम कुमार गुप्ता के पिता अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता ने बताया कि सत्यम ने पढ़ाई के लिए कभी किसी तरह की कोचिंग का सहारा नहीं लिया, बल्कि वह घर पर रहकर ही पूरे टाइम अपना ध्यान पढ़ाई में लगाता था। सत्यम आगे पीएटी की तैयारी कर रहा है। उसका मानना है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कोई भी सार्टकट काम नहीं आता। हमें अपने लक्ष्य के लिए एक मात्र कड़ी मेहनत करनी चाहिए। बहरहाल सत्यम की इस उल्लेखनीय सफलता पर पूरे परिवार में उत्सव का माहौल है। वहीं शुभचिंतक घर पहुंच कर सत्यम को अपनी शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### हाईस्कूल का 81 व हायर सेकेंडरी का परिणाम 95 प्रतिशत

शहर के शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। जानकारी के अनुसार विद्यालय में हाईस्कूल बोर्ड का परिणाम 81 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी बोर्ड का परिणाम 95 प्रतिशत रहा।

जानकारी के अनुसार कन्या आदर्श विद्यालय में हाईस्कूल में 40 छात्राएं प्रथम तथा 35 क्षात्राएं द्वितीय एवं 11 छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुइं। वहीं हायर सेकेंडरी में 56 छात्राएं प्रथम व 37 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुइं। हायर सेकेंडरी में वाणिज्य संकाय व गृह विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वहीं कला संकाय का 90 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय में परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। हायर सेकेंडरी में कुमारी रागिनी कश्यप 93 प्रतिशत, कुमारी मानसी पाण्डेय 91 प्रतिशत, प्रियंका लकड़ा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी तरह हाईस्कूल परीक्षा में कुमारी अंकिता ने 93 प्रतिशत, कुमारी ममता राजवाड़े 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री गुप्ता द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त सभी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य श्री गुप्ता द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी छात्राओं को मीठा खिलाकर, फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### परिणाम देखने सर्वर डाउन से परेशानी

गुरूवार को दोपहर के समय बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद छात्र छात्राओं द्वारा माशिमं के बेबसाईट में अपना परीक्षा परिणाम सर्च करने लगे ,इस दौरान सर्वर डाउन होने के कारण परेशान होना पड़ा। कई परीक्षार्थियों द्वारा घर बैठे मोबाइल से परीक्षा परिणाम सर्च करते रहे, वहीं कई इंटरनेट पार्लर पहुंच कर अपना परीक्षा परिणाम सर्च करवाते रहे। इस दौरान सर्वर की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### आशुतोष ने बढ़ाया मान


9 मई को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए। इसमें शकुंतला सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। इसमें कक्षा बारहवीं से आशुतोष साहू ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोरिया जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं में संध्या ने 87.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया । इस पर विद्यालय परिवार के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की गई। संस्था के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव श्रीमती शकुंतला मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष संजय तिवारी ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बीती रात ग्रामीण की हुई हत्या

**बैकुंठपुर।** पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के बाद पत्नी ने पत्थर मारकर पति की हत्या कर दी और इसके बाद स्वयं भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण की।

- नागपुर चौकी के राधारमन नगर की घटना

घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के पुलिस सहायता केन्द्र नागपुर अंतर्गत ग्राम राधानमन नगर निवासी प्रदीप पंडो पिता मुटुकलाल पंडो उम्र 28 वर्ष का अपनी पत्नी बालकुंवर उम्र 24 वर्ष के साथ घटना दिवस 8 मई की रात्रि लगभग 9 बजे किसी बात को लेकर आपस में विवाद शुरू हुआ। इसी दौरान आवेश में आकर पत्नी बालकुंवर ने पत्थर से अपने पति पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसके बाद पति की मौत हो गई। जब पति की मौत हो गई,तब पत्नी ने भी घर के पास स्थित एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कर पति-पत्नी के शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं मामले को विवेचना में लेकर जांच शुरू कर दी।





घटनास्थल पर मौजूद लोग।

## पत्नी का गला दबाकर उतारा मौत के घाट, पति गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग होने का शक करने पर युवक ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी के नाक व मुंह को दुपट्टे से दबा दिया और जब वह पलंग से नीचे गिरकर बेहोश हो गई तो उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इधर घटना के बाद आक्रोशित परिजन ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर झिलमिली थाने के बाहर जमकर हंगामा किया जिसके बाद पुलिस ने देर रात आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि देवनगर निवासी 22 वर्षीया नसीबुन निशा का विवाह चार वर्ष पूर्व भैयाथान झिलमिली थाना अंतर्गत करौंदामुड़ा निवासी मुजीबुर रहमान से हुआ था। शादी के बाद युवती अपने ससुराल में रहती थी लेकिन 7 मई को युवक ने पुलिस को सूचना की थी 6 मई की रात 2 बजे नसीबुन निशा के पेट व सीने में दर्द होने पर उसे उपचार के लिए बैकुंठपुर अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मृतिका की मां व परिजन ने युवती की हत्या का आरोप लगाया और आरोपी पति के गिरफ्तारी की मांग की। परिजन का आरोप था कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और पति मुजीबुर रहमान दूसरी शादी करने की बात कह रहा था।

जांच के दौरान पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर मुजीबुर रहमान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पोल्ट्री फॉर्म में काम करता है जिसके मोबाइल में ग्राहक का फोन आता था और ऐसे में पत्नी एक सप्ताह से किसी दूसरी लकड़ी का फोन आने व दूसरी लकड़ी का स्टेटस लगाने की बात कहते हुए उसके चरित्र पर शक करती थी।



श्रीराम मंदिर प्रांगण में उपस्थित महिलाएं।

## हृदय स्थल पर लगा वॉटर कूलर

**मनेन्द्रगढ़।** वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण एवं क्लब अध्यक्ष प्रीति जायसवाल के सौजन्य से मनेन्द्रगढ़ के हृदय स्थल में स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में यूवी वॉटर प्यूरीफायर युक्त 80/40 क्षमता वाला वाटर कूलर दान किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्हीडीपी वी अनीता फरमानिया, एरिया एडवाइजर इंदिरा सेंगर, एरिया सचिव पम्मी अरोड़ा, क्लब अध्यक्ष प्रीति जायसवाल, सचिव बबीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, रश्मि जायसवाल, मीरा गुप्ता ,सविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, कमलेश अरोड़ा, मधु जैन, श्वेता पोद्दार ,प्रतिभा अग्रवाल, लीना शाह, निधि अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शहर की सुंदरता पर लग रहा ग्रहण

# शहर के प्रमुख चौक का फव्वारा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय स्थित फव्वारा चौक में लगा फव्वारा प्रत्येक वर्ष कुछ ही समय के लिए चालू किया जाता है, इसके बाद अधिकतर समय बंद ही रहता है, जबकि फव्वारा चौक के फव्वारा का मरम्मत के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए गए, बावजूद इसके नियमित रूप से फव्वारा चालू नहीं होता।

इस वर्ष अप्रैल बीता और मई का एक सप्ताह बीत गया, बावजूद इसके अब तक शहर का एकमात्र फव्वारा चालू नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार शहर का एकमात्र फव्वारा साल में कुछ ही महीने के लिए संचालित होता है और ज्यादातर माह यह बंद ही रहता है। नगर पालिका द्वारा फव्वारा चौक में लगाए गए फव्वारे को सालभर चलाए रखने में नाकाम साबित हुआ है। वर्ष 2024 में फव्वारा चौक का फव्वारा अब तक बंद पड़ा हुआ है, जिसे शुरू करने की कवायद भी अब तक नहीं हो पाई है।



### साल के कुछ महीने ही चलता है फव्वारा

शहर के फव्वारा चौक पर लगाए गए फव्वारा कभी भी वर्षभर नहीं चला है। जब मीडिया में खबर का प्रकाशन होता है, तब नपा के अधिकारी हरकत में आते हैं, इसके बाद चौक के फव्वारे को चालू कराया जाता है। यदि अभी बंद पडे फव्वारा को आगामी कुछ दिन में चालू कर भी दिया जाता है तो कुछ महीने बाद बरसात आने पर बंद हो जाएगा, फिर कब चालू होगा इसकी कोई गारंटी नहीं है।

### चौक की सुंदरता पर लगा ग्रहण

गर्मी के दिन में फव्वारा चौक का फव्वारा जब चालू होता है तो शाम ढलने पर पानी के फव्वारे के बीच कई रंगों की रौशनी बिखरती है, जिससे कि चौक की सुंदरता बढ़ जाती है। वहीं कई लोग शाम ढलने के बाद फव्वारा चौक के पास से गुजरते हैं तो उन्हें शीतलता का अनुभव होता है। नपा बैकुंठपुर के द्वारा कई महीनों से बंद पड़े फव्वारा को शुरू करने की दिशा में कोई पहल नहीं की है। ऐसा लगता है कि इस वर्ष शायद पूरी गर्मी भी बीत जाएगी और फव्वारा चौक का फव्वारा चालू नहीं हो पाएगा।

### बाइक सवार युवक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

**रामानुजगंज।** बाइक से मतदान करने जा रहे युवक को विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोरी निवासी रिकेश कुमार यादव गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 15 डीके 0797 से अंबिकापुर से बिरियों होते हुए मतदान करने जोरी जा रहा था। जैसे ही युवक मसगा व अमड़ी के बीच पहुंचा तभी धौरपुर की ओर से आ रहे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 बी 4776 का चालक ग्राम दुंदु निवासी दीपक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट चाचा अर्जुन यादव ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने स्कार्पियो वाहन चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।



